# शपथ–पत्र

हम ......................................... आयु..................................पुत्री / पुत्री..............................................
...............
निवासी ..............................................................................................महाविद्यालय / संस्थान...........................
........................................................................................में प्राचार्य / निदेशक के पद पर कार्यरत हैं।

हम महाविद्यालय की ओर से निम्न कथन शपथपूर्वक बयान करते हैं कि:–

01 हम शपथ–पत्र प्रस्तुत करने के लिये महाविद्यालय की ओर से अधिकृत हैं तथा हमें महाविद्यालय की समस्त कार्यप्रणाली की जानकारी है।

02 यह कि बी0एड0 सत्र 2018–20 (प्रथम वर्ष )एंव 2017–19 (द्वितीय वर्ष) के प्रवेश के उपरान्त एन0सी0टी0ई0 के मानको के अनुसार निर्धारित शिक्षण कार्यदिवस का कार्य पूर्ण कर लिया गया है

03 यह कि बी0एड0 सत्र 2018–20(प्रथम वर्ष) एंव 2017–19 (द्वितीय वर्ष) में लखनऊ विश्वविद्यालय, लखनऊ द्वारा कराई गई समस्त कांउसिलिंग से तथा सीधे प्रवेशित विद्यार्थियों की सूची जो लखनऊ द्वारा प्रमाणित है, उन्ही छात्र / छात्राओं के परीक्षाफार्म भरवाये गय हैं। भविष्य में किसी भी स्तर पर यदि कोई विसंगति पाई जाती है तो महाविद्यालय / संस्थान स्वयं उत्तरदायी होगा तथा विश्वविद्यालय ऐसे छात्रों के परीक्षाफल निरस्त करने के लिये स्वत्रंत होगा।

04 सम्बंधित प्रत्येक छात्र / छात्रा के समस्त प्रमाण पत्रों को संस्थान द्वारा सत्यापित कर विश्वविद्यालय को अग्रसारित किया गया है तथा यदि किसी छात्र / छात्रा के प्रमाण पत्र या अनुक्रमांक मे कोई त्रुटि पाई जाती है तो संम्बंधित संस्थान उसके लिये स्वंय जिम्मेदार होगा।

सत्यापन : यह कि उपरोक्त कथन 01 से 04 तक हमारी जानकारी एंव विवरण के अनुसार सत्य है और कोई भी तथ्य छिपाया नही गया है तथा न ही कुछ गलत अंकित किया गया है।

प्रमाणित फोटो

स्थान:
शपथकर्ता
दिनांक
प्राचार्य

महाविद्यालय की सील सहित

निदेशक

सहित

1.

2.

महाविद्यालय की सील

# चौ0 चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ
# CH. CHARAN SINGH UNIVERSITY, MEERUT

## प्रेस विज्ञप्ति

पत्रांक– बी0एड0(परीक्षा)/3374

दिनांक – 23.05.2019

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि बी0एड0 (द्विवर्षीय पाठ्यक्रम) सत्र 2018–20 प्रथम वर्ष की मुख्य परीक्षा हेतु लखनऊ विश्वविद्यालय, लखनऊ द्वारा सम्पन्न कराई गई कांउसिलिंग एंव लखनऊ विश्वविद्यालय, लखनऊ द्वारा पूल कांउसिलिंग के माध्यम से प्रवेशित छात्र/छात्राओं का लखनऊ विश्वविद्यालय, लखनऊ द्वारा उपलब्ध कराये गये डाटा के अनुसार चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ के अन्तर्गत प्रवेषित छात्र/छात्राओं के परीक्षा–फार्म, विश्वविद्यालय से सम्बद्व अल्पसंख्यक संस्थानों ( विश्वविद्यालय पोर्टल पर रजिस्टर्ड अल्पसंख्यक कोटे के अन्तर्गत संस्थानों को प्राप्त कुल सीटों के 50 प्रतिषत में से विश्वविद्यालय में प्राप्त कराई गई प्रवेशित छात्र/छात्राओं की सूची के अनुसार) के छात्र/छात्राओं के परीक्षाफार्म, बी0एड0 सत्र 2017–19 (द्विवर्षीय पाठ्यक्रम) के द्वितीय वर्ष के परीक्षाफार्म एंव उक्त सत्र के प्रथम वर्ष की भूतपूर्व छात्र परीक्षा एंव बैक पेपर परीक्षा एंव सत्र 2016–18 प्रथम वर्ष भूतपूर्व छात्र परीक्षा तथा सत्र 2016–18 भूतपूर्व छात्र परीक्षा एंव बैक पेपर के परीक्षा फार्म विश्वविद्यालय में बी0एड0 परीक्षा अनुभाग, कक्ष संख्या–210 में जमा करने की अन्तिम तिथियॉ 29,30 एवं 31.05.2019 निर्धारित है।

**परीक्षाफार्म जमा करने हेतु आवश्यक दिशा निर्देश निम्नवत है–**

1. परीक्षा फार्म वर्णमाला क्रम (Alphabatical) में जमा कराने हैं।
2. अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति के छात्र/छात्राओं, जिनकी पारिवारिक एकल वार्षिक आय 02 लाख से कम है तथा प्रतिपूर्ति हेतु आवेदन किया है, का परीक्षा शुल्क नियमानुसार अनुमन्य होगा।
3. Numerical Return (N.R.) ऑनलाईन जमा करना है।
4. परीक्षार्थियों की Numerical Return (N.R.) की C.D. तथा तीन प्रतियों में हार्ड कॉपी सहित जमा करें।
5. महाविद्यालय के सचिव/प्राचार्य एवं निदेशक की तरफ से संलग्न शपथ–पत्र के प्रारूप के अनुसार रूपये 100/–स्टाम्प पेपर जमा कराना है।
6. कम्प्यूटर प्रोफार्मा, नामांकन प्रपत्र, परीक्षा फार्मो से अलग नही किया जाना है अर्थात फार्म में यथावत संलग्न रहेंगे।
7. विश्वविद्यालय के लेखा विभाग द्वारा जारी अदेयता प्रमाण–पत्र (No-Dues Certificate) संलग्न करना अनिवार्य है।
8. माइग्रेशन सर्टिफिकेट की प्रविष्टि परीक्षा फार्म में होने के साथ ही नामांकन प्रपत्र के साथ माइग्रेशन सर्टिफिकेट एंव छात्र/छात्रा का आधार कार्ड संलग्न किया जाना भी अनिवार्य है।
9. चौ0 चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ से नामांकित छात्र/छात्राऐं विश्वविद्यालय से जारी नामांकन संख्या परीक्षा फार्म पर अवश्य अंकित करें तथा अन्य विश्वविद्यालय से स्नातक/स्नात्कोत्तर उत्तीर्ण छात्र/छात्राओं के माइग्रेशन जमा न करने की दशा परीक्षाफल घोषित नही किया जायेगा।
10. निर्धारित तिथि के उपरान्त तथा अधूरा परीक्षा फार्म स्वीकार नही किया जायेगा।
11. बैक पेपर/भूतपूर्व परीक्षार्थी विश्वविद्यालय द्वारा पूर्ण आवंटित अनुक्रमांक अपने परीक्षा फार्म पर अंकित करेंगे तथाउसी अनुक्रमांक के अनुसार ही परीक्षा में सम्मिलित होंगे।
12. बी0एड0 सत्र 2013–14 की काउन्सिलिंग के माध्यम से प्रवेशित छात्र/छात्राओं का एन0सी0टी0ई0 के मानकों के अनुसार शिक्षण कार्य पूर्ण कर लिया गया है, इस आशय का सचिव एवं निदेशक/प्राचार्य का शपथ–पत्र संलग्न प्रारूप के अनुसार जमा करना है।

23-5-19

कुलसचिव

प्रतिलिपि :–

1. प्राचार्य/प्राचार्या/निदेशक, समस्त सम्बद्ध बी0एड0 महाविद्यालय, चौ0 चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ को सूचनार्थ एवं उपरोक्तानुसार कार्यवाही हेतु प्रेषित।
2. सचिव कुलपति को मा0 कुलपति जी के सूचनार्थ।
3. वैयक्तिक सहायक–वित्त अधिकारी को वित्त अधिकारी महोदय के सूचनार्थ।
4. परीक्षा नियन्त्रक, चौ0 चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ को सूचनार्थ प्रेषित।
5. व्यैक्तिक सहायक–कुलसचिव को कुलसचिव जी के सूचनार्थ।
6. लेखाधिकारी, चौ0 चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ।
7. उपकुलसचिव (परीक्षा)।
8. प्रभारी (वैबसाईट/अति–गोपनीय/सामान्य भण्डार)।
9. विश्वविद्यालय प्रेस प्रवक्ता को इस अनुरोध के साथ प्रेषित कि वे छात्र हित में समस्त समाचार पत्रों में निःशुल्क प्रकाशित कराने की व्यवस्था करें।
10. प्रभारी, वैबसाईट को वैबसाईट पर अपलोड किये जाने हेतु प्रेषित।

P.N. 46

23/5/19

उपकुलसचिव